## खबर संक्षेप

### विकास सिंघल बने बाबा बांसी वृद्ध आश्रम के प्रधान

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम व अन्नक्षेत्र की संचालक संस्था कांवड़ सेवादल का चुनाव संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए निवर्तमान महासचिव अनुज गोयल ने बताया कि बैठक में प्रधान विकास सिंघल ने अपने दो साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रधान विकास सिंघल व उनकी टीम ने अपना त्यागपत्र दिया और नई कार्यकारिणी के चुनाव का मार्ग प्रशस्त किया। चुनाव के बाद विकास सिंघल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी सदस्यों ने पिछले कार्यकाल के दौरान वृद्धाश्रम के संचालन व संस्था की अन्य गतिविधियों को संचालित करने में बढ़-चढ़कर मदद की है। इस अवसर पर पवन गोयल, सुरेश कंसल, राजकुमार सैनी, देशराज मंगला, संजय सिंगला, कुंवर सिंघल, शिवि सिंघल, शिवांश व अखिल सिंघल उपस्थित रहे।

### महादेव पार्क में गिरिराज धरण की जयकार

**शाहबाद।** स्थानीय महादेव पार्क, हुड्डा पार्ट-1 में चल रही श्रीमद् भागवत कथामृत के पांचवें दिन भक्ति का अद्भुत उल्लास देखने को मिला। कार्यक्रम की शुभ शुरूआत मुख्य यजमान राधिका वर्मा, दीपांशी वर्मा एवं अभिषेक वर्मा ने सपरिवार विधि-विधान से श्रीमद्भागवत पूजन और व्यास पीठ की आरती उतारकर की। भगवान की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का वर्णन: वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास श्यामल दास ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं, कालिया मर्दन और गिरिराज धरण (गोवर्धन पूजा) का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब इंद्र के अहंकार के कारण ब्रज पर मूसलाधार वर्षा हुई, तब भगवान ने अपनी नन्हीं उंगली पर गिरिराज पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग के दौरान पंडाल में गोवर्धन पर्वत की भव्य झांकी सजाई गई।

### ध्रुव योग व हस्त नक्षत्र में हनुमान जन्मोत्सव आज

**कुरुक्षेत्र।** हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रतिवर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमानजी का जन्म हुआ था। शिवपुराण में बताया गया है कि भगवान शिव ने रुद्र अवतार के रूप में हनुमानजी को जन्म दिया। उनका जन्म माता अंजना और वानरराज केसरी के यहां हुआ था। हालांकि कई लोगों का मानना है कि हनुमानजी का जन्म कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। इसलिए इस दिन भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। चैत्र पूर्णिमा के दिन जन्मे हनुमान जी की विधिवत पूजा करने के साथ-साथ व्रत रखने का विधान है।

### जिंदल फाउंडेशन ने जांचा 104 लोगों का स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन गांव मुर्तजापुर में पहुंची। यहां डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने 93 लोगों की ओपीडी के बाद उन्हें निशुल्क दवा दी गई। जबकि 11 लोगों के लैब टेस्ट हुए। सरपंच अमर भारत के प्रतिनिधि जगत सिंह चंडीगढ़ फॉर्म ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल महिला, युवा, बुजुर्ग और किसान सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं। महिलाओं के लिए जहां ब्यूटी पार्लर सिलाई सेंटर प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं।

---

### छछरौली मार्केट कमेटी के दफ्तर में मंडी व्यवस्थाओं पर बैठक

# गेहूं खरीद की तैयारियों पर एसडीएम ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों में सफाईऔर तुलाई प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता के साथ करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। छछरौली मार्किट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर बुधवार को छछरौली मार्किट कमेटी कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार ने की। मौके पर मार्केट कमेटी छछरौली के चेयरमैन कैलाश चंद शर्मा भी मौजूद रहे।

एसडीएम रोहित कुमार ने कहा कि गेहूं खरीद सीजन के दौरान मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर आते हैं। इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने साथ ही विभाग को साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि किसानों और मजदूरों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को मंडी परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में नियमित साफ. सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की व्यवस्था भी साफ. सुथरी और सुचारू होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डिजिटल कांटों की समय रहते जांच कर ली जाएगी और तुलाई प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। चेयरमैन कैलाश चंद ने कहा कि मंडी में बारदाने की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय पर इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि खरीद प्रक्रिया प्रभावित न हो। साथ ही मंडी से वेस्ट उठान की व्यवस्था को भी सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार मौसम खराब होने के कारण मंडी में गेहूं की फसल की आवक देरी से हो सकती है। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। गेहूं की फसल बेचते समय किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार किसानों को फसल बेचते समय होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए काम कर रही है। इस मौके पर नायब तहसीलदार आनंद रावल, मार्किट कमेटी सचिव ऋषिराज यादव, बीजेपी जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, सीएम विंडो ऐमिनेंट पर्सन कल्याण सिंह, एससीपीओ विकास कुमार, अब्दुल मनान, हरबंस सिंह, पंकज गर्ग व आशीष गोयल आदि मौजूद थे।

---

# फर्जी ई-चालान से लोग हो रहे साइबर ठगी के शिकार: गोयल

- पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। ई-चालान की ठगी से सावधान करने के लिए आहवान करते हुए एसपी गोयल।

साइबर ठग आमजन को ठगने के लिए आए दिन नए नए तरीके इजाद कर रहे हैं। अब साइबर ठगों ने फर्जी ई.चालान के जरिए आमजन को ठगना शुरु कर दिया है। जिससे नागरिकों को सावधान रहने की जरुरत है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को आधुनिकता के इस युग में साइबर अपराधियों से बचने के लिए विशेष एडवाजरी जारी करते हुए कहा कि साइबर अपराधी वाहन चालकों को ई.चालान की फर्जी बेवसाइट बनाकर लिंक भेज रहे हैं। इसलिए ऐसे लिंक से सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि गलती से आप ने चालन भरने के लिए नकली बेवसाइट पर क्लिक कर दिया तो आप साइबर अपराधियों के झांसे में फंस जाएंगे। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा ठगी करने के लिए फर्जी वेबसाइट का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि ट्रैफिक ई.चालान के लिए अधिकारिक वेबसाइट है। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी करने वाले आपका विश्वास जीतने के लिए धोखाधड़ी वाले संदेश को इस तरह से तैयार करते हैं कि जैस यह वास्तविक हों। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से साइबर ठगी के मामलों में लगातार ईजाफा हो रहा है। साइबर ठग नए-नए तरीकों से आमजन को शिकार बना रहे है। जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### धोखाधड़ी होने पर तुरंत दर्ज करवाएं शिकायत

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को आहवान किया कि किसी भी प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा अपनी शिकायत साइबर क्राइम थाना या आपके संबंधित थाने में स्थापित साइबर हेल्पडेस्क पर दें सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इंटरनेट का इस्तेमाल आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही करें। अन्यथा आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हो।

---

# अभिभावक व विद्यालय के बीच साझेदारी बच्चों के भविष्य की रखती है नींव: शर्मा

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में हुई अभिभावक व शिक्षक मीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। अतिथियों को सम्मानित करते स्कूल निदेशक व अन्य।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में अभिभावक व शिक्षक मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में विद्यालय के निदेशक विकास शर्मा व न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा मौजूद रहे।मुख्यातिथि जीएस शर्मा ने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच की मजबूत साझेदारी ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखती है। इस प्रकार के उन्मुखीकरण कार्यक्रम अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अभिभावक व शिक्षक मीट आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक, रूपरेखा, शिक्षण पद्धति व विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अपनाई जाने वाली नवीन तकनीकों से अवगत करवाना रहा। मौके पर शिक्षकों द्वारा लर्निंग बाय डूइंग एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों ने विभिन्न उदाहरणों से बताया कि किस प्रकार बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है। निदेशक विकास शर्मा ने सभी अभिभावकों का विद्यालय पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

---

### 6 को वाल्मीक समाज मनाएगा महायोग पर्व

**रादौर।** कस्बा के वार्ड नंबर 13 में वाल्मीकि समाज की ओर से 6 अप्रैल को सिरसिला,कुरुक्षेत्र में महायोग पर्व आयोजित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में समाज के लोगों ने निमंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाल्मीकि अंबेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रधान विक्रम वाल्मीकि ने की। कार्यक्रम में समाज के लोगों को महायोग पर्व के लेकर निमंत्रण पत्र दिए गए। इस अवसर पर विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि समाज के कार्यक्रमों को कामयाब बनाने के लिए समाज के लोग अपनी पूरी सेवा प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर राजकुमार प्रधान, निर्मल वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि, संकेत, अभी वाल्मीकि, पूर्व वाल्मीकि, सागर, महेंद्र, रोहित अटवाल, युवा प्रधान राहुल, हर्ष वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

---

# वैदिक हवन से विद्यार्थियों में बढ़ता है राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीयता का भाव : शास्त्री

- जनता पब्लिक स्कूल में हवन यज्ञ से हुआ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



रादौर। हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में बुधवार को विधि-विधान से नए सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर हवन यज्ञ कर सभी के लिए मंगल कामना की गई। हवन यज्ञ विद्वान राजकुमार शास्त्री द्वारा वैदिक पद्धति से करवाया गया। मौके पर सभी बच्चों स्टाफ सदस्यों ने हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर राजकुमार ने बताया कि हवन करने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है व प्राणियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। हवन प्राणी मात्र के लिए नहीं अपितु पूरे सर्व समाज की समृद्धि के लिए होता है। शास्त्रों में भी हवन का बहुत महत्व बताया गया है। चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया जो विद्यालय के लिए अति शुभ भी रहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह वैदिक हवन कराया जाता है। जिससे बच्चों में राष्ट्र निर्माण वी राष्ट्रीयता का भाव बढ़ता है। पहले ही दिन 50 से अधिक नए बच्चों ने विद्यालय में दाखिला लिया। प्रिंसिपल डॉ कल्पना बजाज ने कहा कि आज चैत्र शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि है जो शास्त्रों के अनुसार बहुत शुभ होती है। आज विद्यालय का नया सत्र स्थिति को आरंभ हुआ। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा हम बच्चों को हर प्रकार की सुविधाए देने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। मौके पर अखिल कंबोज, आशीष शर्मा, प्रिंसशर्मा, संदीप धीमान, रवि कुमार, शोभा, मीनाक्षी पूजा, निशा आदि उपस्थित रहे।

---



रादौर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### शिव मंदिर में हवन यज्ञ के साथ हुई मूर्ति स्थापना

**रादौर।** शहर की वीआईपी कालोनी में हवन यज्ञ करके मूर्ति स्थापना की गई। इस दौरान हवन यज्ञ में गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए सुख शांति की कामना की। मूर्ति स्थापना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्य धर्मबीर दारसी, रामपाल व सुशील अरोड़ा ने बताया कि आचार्य राजेश कुमार शास्त्री, इंदुशेखर शास्त्री, मनीष शर्मा, कृष्ण शर्मा व सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा वेद मंत्रोच्चारण व विधि विधान से मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। उन्होंने बताया कि मंदिर में शिव परिवार, शिवलिंग, नंदी जी, भगवान गणेश व हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की गई । मूर्ति स्थापना से पहले शहर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मूर्ति स्थापना को लेकर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

---

# गुरु की शरण में रहकर मनुष्य सुख और शांति कर सकता है प्राप्त: चाकर

- गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में तीन दिवसीय गुरमत कथा समागम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। संगत का मार्ग दर्शन करते महंत कर्मजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जगाधरी में चल रहे तीन दिवसीय खालसा साजना दिवस को समर्पित विशाल गुरमत कथा समागम का समापन हो गया। समापन अवसर पर गुरबाणी कीर्तन और कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथावाचक ज्ञानी जसबीर सिंह चाकर ने संगत को नाम सिमरन, सेवा, साध संगत और गुरबाणी से जुड़ने की प्रेरणा दी। कथाव्यास ज्ञानी चाकर ने फरमाया कि मानव जीवन की सफलता का मूल मंत्र गुरबाणी अनुसार जीवन बिताना है। उन्होंने कहा कि गुरु की शरण में रहकर ही मनुष्य वास्तविक सुख और शांति प्राप्त कर सकता है। मौके पर महंत कर्मजीत सिंह ने कहा कि हम बहुत बड़े कर्मों वाले हैं कि हमारा जन्म सिखों के घर हुआ है। समागम के दौरान गुरमत मुकाबलों के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

### नए सत्र में छात्र नई ऊर्जा से बढ़े आगे : कांबोज

**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में विद्यालय के चेयरमैन, प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षण गण व विद्यार्थियों ने आहुति डालकर सत्र की मंगलमय शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल कम्बोज ने सभी विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पिछला साल आपकी मेहनत का प्रमाण है, लेकिन नए सत्र में आपको और अधिक ऊर्जा और लगन के साथ आगे बढना है। प्रधानाचार्य अंजू गुलाटी ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें अनुशासन के साथ सफलता की ऊंचाइयों को छूने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में शांति पाठ किया गया और सभी बच्चों एवं स्टाफ को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर अशोक सैनी, सोनाली कम्बोज, गीता कम्बोज, संजीव शर्मा, अंकुश गौतम, निखिल कम्बोज आदि रहे।



रादौर। हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# सेना से सेवानिवृत्ति होकर आए बारना के तीन जवानों का ग्रामीणों ने किया स्वागत

- अमित सहारण, सुनील शर्मा व रमेश सहारण हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जीप में सवार सेना के जवान गांव में प्रवेश करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव बारना निवासी सेना के तीन जवानों का बुधवार को सैकड़ों मोटरसाईकलों के काफिले के साथ गांव में प्रवेश करवाया गया। इस दौरान गांव का माहौल देश भक्तिमय हो गया। तीनों जवान अमित सहारण, सुनील शर्मा व रमेश सहारण कमोदा पहुंचे तो सैकड़ों लोग बाइक काफिले के साथ जीप से गांव में लेकर पहुंचे। बता दें कि राजरिफ बटालियन के सैनिक अमित सहारण, जाट बटालियन के सुनील कुमार व बीएसएफ के जवान रमेश सहारण 31 मार्च को सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। भारतीय सेना की राजरिफ बटालियन के जवान अमित सहारण साढे 18 साल बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। अमित सहारण के अनुसार वे दिल्ली कैंट से रिटायर्ड हुए हैं। अब वहीं 35 वर्षीय सुनील कुमार लगभग 15 साल की सेना में सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। भारतीय सेना की जाट बटालियन के सुनील कुमार बरेली से सेवानिवृत्त हुए हैं। वहीं रमेश सहारण बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवान रहे। रमेश सहारण लगभग 30 वर्ष की बॉर्डर पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

---

### श्री हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज

# धार्मिक आयोजनों से संस्कृति के प्रति बढ़ता है लगाव: मिश्रा

**हनुमान जन्मोत्सव पर झूमें श्रद्धालु, महिला कीर्तन मंडली ने भजनों से किया निहाल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। श्रद्धालुओं को प्रसाद भेट करते आचार्य शारदा मिश्रा।

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कालोनी यमुनानगर में वीर हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर शहर में निकाली जा रही प्रभातफेरियों का बुधवार को समापन हो गया। वीरवार को श्री हनुमान मंदिर में भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रभातफेरियों के समापन पर श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे और मौके पर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया बुधवार सुबह भी रोज की तरह श्रद्धालुों ने प्रभातफेरी का आयोजन किया। इस दौरान प्रभात फेरी मंदिर से आरंभ हुई और विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस मंदिर में पहुंची जहां समापन अवसर पर श्रद्धालु जमकर झूमे। प्रभात फेरियां 28 मार्च से लगातार निकाली जा रही थी। इन पांच दिनों में रामपुरा कॉलोनी, करतारपुरा ,मधुकलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी फेस वन एवं टू, कालिंदी कॉलोनी, हरदेव कॉलोनी व चंदन कॉलोनी में प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को जन्मोत्सव का निमंत्रण दिया गया। आज प्रभात फेरी को कौशल परिवार के यहां विश्राम दिया गया। यहां पर महिला कीर्तन मंडली की सदस्यों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर लंगर का प्रसाद लिया। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया कि पिछले पांच दिनों से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम जनमानस में भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ता है। बच्चों को भी देवी देवताओं के बारे में जानकारी उपलब्ध होती है। इस पावन मौके पर सुरेंद्र मागो,दविन्दर मेहता, रोशनलाल पप्पू, राकेश शर्मा ,महेंद्र शर्मा, अनिल लांबा,सोम प्रकाश ओबेरॉय, जगदीश कुमार, सुरेंद्र लूथरा, योगेश भल्ला व वासू आदि मौजूद रहे।

